समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती : राजस्थान इंटरनेशनल सेटंर मे ACB स्थापना दिवस पर सरकार का बड़ा संदेश।

Publisher    Published on 15 Jul 2025




**RIC जयपुर मे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के स्थापना दिवस पर सरकार ने दिए सख्त संकेत, भ्रष्टाचार के खिलाफ उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित।**

**सवांदाता, जयपुर,**
**राजस्थान**
**जयपुर, राजस्थान :** जयपुर के **राजस्थान इंटरनेशनल सेटंर** (**RIC**) में आज **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो** (**ACB**) के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए उपस्थितजनों को राज्य सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। सरकार ने स्पष्ट रूप से संदेश दिया कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके खिलाफ "**जीरो टॉलरेसं**" की नीति अपनाई जा रही है।

इस अवसर पर **भ्रष्टाचार के विरुद्ध उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया**, जिससे उनके मनोबल में वृद्धि हो सके और अन्य अधिकारियों को भी प्रेरणा मिले।

**भ्रष्टाचार विरोध मे अंग्रणी अधिकारी हुए सम्मानित**
समारोह में ACB के उन अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने महत्वपूर्ण घोटालों का पर्दाफाश किया, घूसखोरों को रंगे हाथों पकड़ा और जनहित में काम करने वालों की मदद की। मुख्यमंत्री ने इन कर्मठ अधिकारियों को प्रमाण-पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किए।

**जिले मे नंए मंडल संयोजकों की घोषणा**

इसी क्रम में, हनुमानगढ़ जिले से माननीय जिला **अध्यक्ष श्री प्रमोद डेलू** एवं **वन एवं पर्यावरण अभियान कार्यक्रम के जिला संयोजक श्री काशीराम गोदारा** ने मंडल स्तर पर संगठन को मजबूत करते हुए नए मंडल संयोजकों की घोषणा की।

घोषणा के अनुसार, हनुमानगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में **जनसंपर्क, जागरूकता** और **भ्रष्टाचार-विरोधी अभियान** को और तेज़ी से आगे बढ़ाया जाएगा।

**राज्य सरकार के प्रयास**

राज्य सरकार ने हाल ही में **ACB की कार्यप्रणाली** को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए:

१. **हेल्पलाइन नंबर और मोबाइल ऐप की शुरुआत की है**

२. **गोपनीय शिकायत प्रणाली को मजबूत किया गया है**

३. **भ्रष्टाचारियों की संपत्ति जब्ती और कड़ी सज़ा की प्रक्रिया तेज़ की है**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.